आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 13.07.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत बताया।

- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पूर्व सैनिकों से हरेला पर्व पर प्रदेश भर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

- कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीसरे दल को आज टनकपुर से अगले पड़ाव के लिए रवाना किया गया। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह।

- और, राजधानी देहरादून में हल्की से मध्यम बारिश। मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक प्रदेश में बारिश की चेतावनी जारी की।

**सीएम ऑन भ्रश्टाचार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत बताया है। वे आज देहरादून में 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह सिर्फ सम्मान नहीं बल्कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की कार्रवाई पर श्री धामी ने कहा कि यह ईमानदारी की ताकत की जीत है और आने वाली पीढ़ियों के सपनों व उम्मीदों की भी जीत है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार एक ऐसा अभिशाप है, जिसने इस पवित्र धरती की प्रगति को कई दशकों तक बाधित किया और वर्षों तक जनता के अधिकारों को लूटा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छद्म वेशधारियों की मूल पहचान उजागर करने के लिए "ऑपरेशन कालनेमि" चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि ऐसे तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

ऑपरेशन कालनेमि

ऑपरेशन कालनेमि के तहत प्रदेश में फर्जी बाबाओं और धार्मिक वेश धारण कर लोगों से ठगी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। अभियान के तहत अब तक देहरादून में एक बांग्लादेशी समेत कुल 82 फर्जी बाबाओं को हिरासत में लिया जा चुका है। आज भी 34 फर्जी बाबाओं को

गिरफ्तार किया गया, जिनमें 23 दूसरे राज्यों के हैं। वहीं, चमोली जिले के बदरीनाथ धाम में धार्मिक वेश धारण कर लोगों से ठगी करने वालों के खिलाफ कोतवाली बदरीनाथ पुलिस ने ऑपरेशन कालनेमि शुरू कर दिया है। इसके चलते पुलिस ने धार्मिक स्थलों पर सक्रिय फर्जी साधुओं की पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हरेला पर्व

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पूर्व सैनिकों से हरेला पर्व पर प्रदेश भर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। हरेला पर्व को लेकर देहरादून में पूर्व सैनिकों के साथ आयोजित बैठक में श्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड के इस पारंपरिक पर्व को न केवल सांस्कृतिक पहचान से जोड़ना है, बल्कि इसे हरियाली और पर्यावरण जागरूकता का सशक्त माध्यम बनाना है। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री ने 16 जुलाई को हरेला पर्व के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस बार दो लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे।

श्री जोशी ने कहा कि यह अभियान सामाजिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र सेवा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए जो सेवा दी है, अब वे उसी समर्पण के साथ प्रकृति की रक्षा के लिए भी आगे आ रहे हैं।

**कैलाश मानसरोवर यात्रा**

कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीसरे दल को आज चंपावत जिले के टनकपुर से अगले पड़ाव के लिए रवाना किया गया। इससे पहले, कल शाम टनकपुर पहुँचने पर इस दल का पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दल में देश के विभिन्न राज्यों से 12 महिलाएं, 34 पुरुष सहित कुल 46 श्रद्धालु शामिल हैं। आकाशवाणी से बातचीत में श्रद्धालु प्रकाश सहारा ने बताया कि वे पिछले पाँच सालों से इस यात्रा का इंतज़ार कर रहे थे। उन्होंने यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

मत्स्य संपदा योजना

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पिथौरागढ़ जिले को शीतजल मत्स्य पालन विकास क्लस्टर के रूप में चुना है, जिसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। क्लस्टर आधारित ट्राउट मत्स्य पालन मॉडल की सफलता, खासकर मुनस्यारी और धारचूला जैसे दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में, पिथौरागढ़ को इस क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाती है। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक डॉ. रमेश सिंह चलाल ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सहकारिता के माध्यम से साझा संसाधन, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और विपणन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे न केवल युवाओं को रोजगार मिला है, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

पिथौरागढ़ जिले के स्थानीय निवासी यशवंत महर का कहना है कि वर्षों से वे पारंपरिक तरीके से मछली पालन कर रहे थे, लेकिन अब सरकार के सहयोग से पिथौरागढ़ वैज्ञानिक तरीके से मछली उत्पादन कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल से लोगों की आर्थिकी में भी सुधार हो रहा है।

मौसम

और अब एक नजर मौसम पर... राजधानी देहरादून में दोपहर के समय तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। जबकि राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए हुए हैं तो कहीं–कहीं मौसम साफ बना हुआ है।

इस बीच, मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। आज देहरादून, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि राज्य के शेष जिलों में भी बारिश की संभावना जताई गई है। इस अवधि में राज्य के कुछ हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। विभाग के अनुसार, अगले 5 दिनों तक राज्य में यही स्थिति बनी रहेगी।

वहीं चमोली जिले में भारी वर्षा के कारण अवरुद्ध 176 आंतरिक मोटर मार्गों में से 155 मोटर मार्ग खोल दिए गए हैं, जबकि शेष मार्गों को खोलने की प्रक्रिया जारी है।

उर्वरक

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस बारे में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। श्री चौहान ने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

भारतीय अंतरिक्ष यात्री

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के तीन अन्य यात्रियों की वापसी यात्रा कल शुरू होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि सभी अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे धरती पर वापस आ जाएंगे। शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14 दिन के मिशन पर हैं। वे इस स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गये विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय हैं।